प्रश्न पुस्तिका क्रमांक / Question Booklet Serial No. :

# INTERMEDIATE EXAMINATION – 2025
# इन्टरमीडियट परीक्षा – 2025

(ANNUAL / वार्षिक )

MODEL QUESTION

PRAKRIT (Compulsory)

प्राकृत (अनिवार्य)

विषय कोडः
Subject Code : **110/210/310/506**

प्रश्न पुस्तिका सेट कोड
**Question Booklet Set Code**

कुल प्रश्न : 100 +30+8 = 138
Total Question : 100 + 30+8 = 138

कुल मुद्रित पृष्ठ : 23
Total Printed Pages : 23

(समय : 3 घंटे 15 मिनट)
[Time : 3 Hours 15 Minutes]

(पूर्णांक : 100)
[Full Marks : 100]

---

**परीक्षार्थियों के लिए निर्देश / Instructions for the candidates :**

1- परीक्षार्थी OMR उत्तर पत्रक पर अपना प्रश्न पुस्तिका क्रमांक (10 अंको का) अवश्य लिखें।
Candidates must enter his / her Question Booklet Serial No. (10 Digits) in the OMR Answer Sheet.

2- परीक्षार्थी यथासंभव अपने शब्दों में ही उत्तर दें।
Candidates are required to give their answer in their own words as far as practicable.

3- दाहिनी ओर हाशिये पर दिये हुए अंक पूर्णांक निर्दिष्ट करते हैं।
Figures in the right-hand margin indicate full marks.

4- प्रश्नों को ध्यान पूर्वक पढ़ने के लिए 15 मिनट का अतिरिक्त समय दिया गया है।
An extra time of 15 minutes has been allotted to read the questions carefully.

5- यह प्रश्न पत्र दो खण्डों में विभक्त है – खण्ड "अ" एवं खण्ड "ब"।
This question booklet is divided into two sections – Section "A" and Section "B".

6- खण्ड "अ" में 100 वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं जिनमें 50 प्रश्न अनिवार्य है। यदि परीक्षार्थी 50 से अधिक प्रश्नों के उत्तर देते/देती हैं, तो प्रथम 50 उत्तरों का ही मूल्यांकन किया जायेगा। प्रत्येक प्रश्न के लिए 1 अंक निर्धारित है। इनके उत्तर देने हेतु OMR उत्तर–पत्रक पर सही विकल्प को काले/नीले बॉल पेन से प्रगाढ़ करें। किसी भी प्रकार के ह्वाइटनर/ तरल पदार्थ/ ब्लेड/नाखून आदि का OMR उत्तर पत्रक में प्रयोग नहीं करें अन्यथा परीक्षा परिणाम अमान्य होगा।

In Section – ‘A’ there are 100 objective type question out of which 50 questions are compulsory. If the candidates answer more than 50 questions, the first 50 questions only will be evaluated. Each question carries 1 mark for answering these darken the correct circle on the OMR answer sheet with black/blue ball pen. Do not use whitener/liquid material/ blade/ nail etc on the OMR answer sheet otherwise the result will be invalid.

7- खण्ड ″ब″ में 1 से 30 तक लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के 2 अंक निर्धारित हैं, जिनमें से किसी 15 प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है। इसके अतिरिक्त इस खण्ड में 31 से 38 तक दीर्घ उत्तरीय प्रश्न दिये गये हैं। प्रत्येक के लिए 5 अंक निर्धारित है, जिनमें से किन्ही 4 प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है।

In Section-B 1 to 30 Short Answer Type Questions. Each question carries 2 marks. Out of which 15 questions are compulsory. In Addition, in this section 31 to 38 Long Answer Type Questions. Each question carries 5 marks. Out of which 4 questions are compulsory.

8- किसी प्रकार के इलेक्ट्रानिक उपकरण का प्रयोग पूर्णतया वर्जित है।

Use of any electronic appliances is strictly prohibited.

## खण्ड – अ / Section-A

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न / Objective Type Questions

प्रश्न संख्या 1 से 100 तक के प्रत्येक प्रश्न के साथ चार विकल्प दिये गये हैं, जिनमें से एक सही है। केवल 50 प्रश्नों के ही उत्तर दें। अपने द्वारा चुने गये विकल्प को OMR शीट पर चिह्नित करें। 50 x 1 = 50

1- 'बुद्धिमंतो सियालो' नामक कथा किस ग्रन्थ पर आधारित है ?

(A) णाण पंचमी कहा (B) पंचतंत्र

(C) समराइच्य कहा (D) कंसवहो

2- 'बुद्धिमंतो सियालो कहा' की भाषा क्या है ?

(A) मागधी (B) अर्धमागधी

(C) प्राचीन महाराष्ट्री (D) शौरसेनी

3- 'बुद्धिमंतो सियालो कहा' में कार्य सिद्धी के लिए क्या किया जाता है ?

(A) युद्ध (B) हिंसा

(C) उत्तम प्रयत्न (D) इनमें से कोई नहीं

4- दूसरे द्वारा मारे हुए शिकार को कौन नहीं खाता ?

(A) बाघ (B) सिंह

(C) सियार (D) काग

5- वन में मृत हाथी को सबसे पहले कौन देखा ?

(A) काग (B) बाघ

(C) सियार (D) सिंह

6- सियार वन में क्या कर रहा था ?

(A) सो रहा था | (B) परिभ्रमण कर रहा था
(C) दोनों A + B | (D) इनमें से कोई नहीं

7- सियार ने माँस के एक खण्ड को किसे दे दिया ?

(A) बाघ को | (B) सिंह को
(C) काग को | (D) दूसरे सियार को

8- मृत हाथी के पास से बाघ क्यों भाग गया ?

(A) सियार के भय से | (B) सिंह के भय से
(C) काग के भय से | (D) इनमें से कोई नहीं

9- 'यह बड़े भाग्य से उपलब्ध हुआ है,' किसने कहा ?

(A) सियार | (B) बाघ
(C) सिंह | (D) बन्दर

10- 'नीयमप्पपयाणेण' शब्द का हिन्दी अनुवाद क्या होगा ?

(A) नियम के प्रभाव से | (B) नियमानुसार
(C) अपने प्रयत्न के प्रभाव से | (D) इनमें से कोई नहीं

11- 'पावकम्मस्स फलं कहा' किस कार्य के लिए शिक्षा का उदारण है ?

(A) चतुराई के लिए | (B) लोक व्यवहार के लिए
(C) दोनों A + B | (D) इनमें से कोई नहीं

12- 'पावकम्मस्स फलं कहा' का मुख्य पात्र कौन है ?

(A) बन्दर (B) बकरा

(C) प्रवासी (D) गाय

13- प्रवासी कहाँ जा रहा था ?

(A) पर्वत पर (B) पूजा करने

(C) स्नाान करने (D) खाना खाने

14- प्रवासी के भोजन को कौन खाया ?

(A) कुत्ता (B) बन्दर

(C) बकरा (D) पागल व्यक्ति

15- प्रवासी के डंडे के प्रहार से किसकी मृत्यु हो गई ?

(A) कुत्ते की (B) बन्दर की

(C) बकरे की (D) पागल व्यक्ति की

16- पाप कर्म का फल किसे मिला ?

(A) कुत्ते की (B) बन्दर की

(C) बकरे की (D) पागल व्यक्ति की

17- वर्षा ऋतु में जल कहाँ से बरसता है ?

(A) नदी से (B) पर्वत से

(C) मेघ से (D) इनमें से कोई नहीं

18- वर्षाकाल में पेड़ पौधों का रंग कैसा हो जाता है ?

(A) लाल (B) नीला

(C) हरा (D) उजला

19- नगर के लोग वर्षा काल में क्या देखते हैं ?

(A) खेत (B) नदी

(C) सर्वत्र जल (D) घर

20- 'अरणस्स' शब्द का हिन्दी अनुवाद क्या होगा ?

(A) आरा नगर (B) आराम

(C) जंगल की (D) इनमें से कोई नहीं

21- शिल्पकार सोमदत्त के पिता का क्या नाम था ?

(A) इन्द्रदत्त (B) बन्धुदत्त

(C) अगड़दत्त (D) नेमिदत्त

22- सोमदत्त किसके निदेशन में मूर्ति निर्माण करता था ?

(A) इन्द्रदत्त के (B) बन्धुदत्त के

(C) अगड़दत्त के (D) नेमिदत्त के

23- सोमदत्त के कार्यो की तारीफ कौन नहीं करता था ?

(A) पिता (B) माता

(C) गुरू (D) भाई

24- अपनी तारीफ के लिए सोमदत्त ने किसकी मूर्ति बनायी ?

(A) शंकर की
(B) राम की
(C) कृष्ण की
(D) गणेश की

25- मूर्ति के किस भाग में सोमदत्त ने अपना नाम लिख दिया ?

(A) पीठ पर
(B) हाथ में
(C) सिर पर
(D) मूर्ति के नीचले भाग में

26- 'संतोष प्रगति का बाधक है' यह उक्ति किसकी थी ?

(A) पिता की
(B) माता की
(C) गुरु की
(D) भाई की

27- मेरे समान दूसरा कोई शिल्पकार नहीं है, किसने कहा ?

(A) सोमदत्त ने
(B) इन्द्रदत्त ने
(C) अगड़दत्त ने
(D) बन्धुदत्त ने

28- दो छात्र ब्राह्मण से क्या सीखना चाहते थें ?

(A) अश्व संचालन
(B) हस्ति संचालन
(C) वेदान्त
(D) नृत्य

29- ब्राह्मण के विधान का अभिप्राय क्या था ?

(A) छात्र का चुनाव
(B) छात्रों की बुद्धि परीक्षा
(C) दोनों A + B
(D) इनमें से कोई नहीं

30- ब्राह्मण की परीक्षा में कौन छात्र सफल हुआ ?

(A) पहला (B) दूसरा

(C) तीसरा (D) चौथा

31- 'मैं तुम दोनों को वेदान्त सिखलाउँगा' किसका कथन है ?

(A) साधु का (B) ब्राह्मण का

(C) प्रवासी का (D) राजा का

32- चारो वेदों को जानने वाला कौन था ?

(A) साधु (B) ब्राह्मण

(C) प्रवासी (D) राजा

33- 'गेहेसूरो' पाठ में किसके कायरता का वर्णन है ?

(A) दर्जी का (B) सोनार का

(C) राजा का (D) अमांगलिक पुरूष का

34- राजपथ के मध्य में किसकी दुकान थी ?

(A) दर्जी की (B) सोनार की

(C) राजा की (D) अमांगलिक पुरूष की

35- सोनार स्वर्ण भरी मंजूषा लेकर कब आता था ?

(A) दिन में (B) शाम में

(C) सुबह में (D) रात्रि में

36- रात में आने पर पत्नी के मना करने पर सोनार क्या कहता था ?

(A) मैं सिपाही हूँ
(B) मैं वीर हूँ
(C) दोनों A + B
(D) इनमें से कोई नहीं

37- मेरा पति घर का वीर है या वास्तव में वीर है, यह किसने सोचा ?

(A) सोनार का भाई
(B) सोनार की पत्नी
(C) सोनार की बहन
(D) इनमें से कोई नहीं

38- पड़ोसी से उसके पति के सभी वस्त्राभूषण की माँग किसने किया ?

(A) सोनार का भाई
(B) सोनार की पत्नी
(C) सोनार की बहन
(D) सोनार का पिता

39- सोनार की पड़ोसी कौन थी ?

(A) ब्राह्मण स्त्री
(B) क्षत्रियाणी
(C) माली की पत्नी
(D) इनमें से कोई नहीं

40- सोनार के पीठ पर सड़े सब्जियों का प्रहार कौन किया ?

(A) राजा
(B) पड़ोसी
(C) चोर
(D) इनमें से कोई नहीं

41- दो दरिद्र भाइयों की कहानी किस पाठ में वर्णित है ?

(A) गेहेसूरों
(B) पावकम्मस्स फलं
(C) अत्थे अणत्थजुओ
(D) सिप्पिपुतस्स कहा

42- दो दरिद्रभाई रूपये कमाने हेतु कहाँ गये ?

(A) मैनाक द्वीप (B) जम्बूद्वीप

(C) सौराष्ट्र (D) गाँव में

43- अर्जित रूपयों को घर लाने के लिए दोनों भाई रूपयों को कहाँ रखे ?

(A) आलमीरा में (B) थैली में

(C) जेब में (D) इनमें से कोई नहीं

44- रास्ते में दोनों भाइयों के मन में क्या विचार उत्पन्न होता है ?

(A) रूपये मेरे हो जाते (B) रूपयों को बाँट दिया जाये

(C) दोनों A + B (D) इनमें से कोई नहीं

45- दोनों भाइयों ने रूपयों से भरी थैली को क्या किया ?

(A) भिक्षुक को दे दिया (B) नदी में फेंक दिया

(C) राजा को दे दिया (D) चोरों द्वारा ले लिया गया

46- घर आने पर दोनों भाइयों की बहन ने बाजार से क्या खरीद लायी ?

(A) मिठाई (B) मछली

(C) सब्जी (D) मूर्गा

47- मछली के पेट से क्या निकला ?

(A) मछली के बच्चा (B) सोने का सिक्का

(C) रूपयों से भरी थैली (D) इनमें से कोई नहीं

48- दासी द्वारा किसके उपर प्रहार किया गया ?

(A) दोनों भाइयों पर | (B) दोनों भाइयों की माँ पर
(C) दोनों पर | (D) इनमें से कोई नहीं

49- 'भाउविणासो' शब्द का हिन्दी अनुवाद क्या होगा ?

(A) भवन का निर्माण | (B) भाई का विणास
(C) दोनों A + B | (D) इनमें से कोई नहीं

50- 'कुणेज्जा' में किसका प्रयोग हुआ है ?

(A) शब्द रूप | (B) तद्धित
(C) क्रियातिपत्ति | (D) इनमें से कोई नहीं

51- 'क्रियान्वयि कारकम्' यह परिभाषा किस विद्वान द्वारा दी गई हैं ?

(A) हरिभद्र | (B) हेमचन्द्र
(C) भामह | (D) मार्कण्डेय

52- "क्रियाहेतुः कारकम्" यह परिभाषा किसके द्वारा दी गयी है ?

(A) हरिभद्र | (B) हेमचन्द्र
(C) भामह | (D) मार्कण्डेय

53- संख्या एवं कारक का जो बोध करावें उसे क्या कहते हैं ?

(A) कारक | (B) तद्धित
(C) विभक्ति | (D) संयोग

54- 'धम्मत्तो पमायइ' इसमें किस कारक के विभक्ति का प्रयोग हुआ है ?

(A) करण कारक
(B) सम्प्रदान कारक
(C) अपादान कारक
(D) अधिकरण कारक

55- 'धम्मत्तो पमायइ' में प्रत्यय कौन है ?

(A) 'प'
(B) 'मा'
(C) 'य'
(D) 'इ'

56- 'लक्खणो रामेण सह गच्छइ' का हिन्दी क्या होगा ?

(A) लक्षण जानो
(B) राम का लक्ष्मण भाई थे
(C) लक्ष्मण राम के साथ जाते हैं
(D) इनमें से कोई नहीं

57- समासिक पद में विभक्ति–चिन्ह जोड़कर जब उसे अलग अलग पदों में विभक्त किया जाता है, उसे क्या कहते हैं ?

(A) समास
(B) कारक
(C) विभक्ति
(D) विग्रह

58- 'पत्तं णाणं जस्स सो' कौन समास है ?

(A) अव्ययीभाव
(B) तत्पुरुष
(C) बहुब्रीहि
(D) द्वन्द

59- 'माया य पिया य त्ति' कौन समास है ?

(A) अव्ययीभाव
(B) तत्पुरुष
(C) बहुब्रीहि
(D) द्वन्द

60- 'णीलो कंठो जस्स सो' कौन समास है ?

(A) अव्ययीभाव
(B) तत्पुरुष
(C) बहुब्रीहि
(D) द्वन्द

61- जिसके द्वारा गणना अथवा संख्या और कारक का बोध हो उसे क्या कहते हैं ?

(A) कारक
(B) समास
(C) संयोग
(D) विभक्ति चिन्ह

62- किसी भी भाषा का मूल आधार क्या होता है ?

(A) वर्ण
(B) शब्द
(C) वाक्य
(D) इनमें से कोई नहीं

63- जिनका रूप लिंग, वचन, कारक, काल आदि के अनुसार परिवर्तित नहीं होता, उसे क्या कहते हैं ?

(A) अविकारी शब्द
(B) विकारी शब्द
(C) कृत्रिम शब्द
(D) इनमें से कोई नहीं

64- दो वर्णों के बिना विकृति के मिल जाने को क्या कहतें हैं ?

(A) संधि
(B) समास
(C) कारक
(D) संयोग

65- दो अत्यन्त निकट स्वरों के मिलने से ध्वनि में वर्ण विकार उत्पन्न होता है, उसे क्या कहते हैं?

(A) स्वर सन्धि
(B) व्यंजन संन्धि
(C) अव्यय सन्धि
(D) विसर्ग सन्धि

66- 'दिणेसो' शब्द का सन्धि विच्छेद क्या होगा ?

(A) दिण+इसः
(B) दिण+इसो
(C) दिण+ईसो
(D) इनमें से कोई नहीं

67- 'महिंदो' शब्द का सन्धि विच्छेद क्या होगा ?

(A) म + हिंदो
(B) महा + इंदो
(C) मह + इंदो
(D) इनमें से कोई नहीं

68- प्राकृत व्याकरण के नियम के अनुसार सन्धि के कितने भेद होते हैं ?

(A) 02
(B) 03
(C) 04
(D) इनमें से कोई नहीं

69- प्राकृत व्याकरण के अनुसार कारक के कितने भेद होते हैं ?

(A) 04
(B) 06
(C) 08
(D) 10

70- 'धम्मस्स' शब्द में विभक्ति कौन है ?

(A) 'धम्म'
(B) 'म्म'
(C) 'स्स'
(D) 'य'

71- 'देवाहिंतो' शब्द में किस विभक्ति का प्रयोग हुआ है ?

(A) पढमा एकवचन
(B) पढमा बहुवचन
(C) पंचमी एकवचन
(D) पंचमी बहुवचन

72- 'अप्पा' शब्द का तृतीया एकवचन में रूप क्या होगा ?

(A) अप्पा (B) अप्पेण

(C) अप्पस्स (D) अप्पाणं

73- 'हरि' शब्द का चतुर्थी बहुवचन में रूप क्या होगा ?

(A) हरी (B) हरिणा

(C) हरिस्स (D) हरीणं

74- 'वाउ' शब्द का प्रथमा एकवचन में रूप होता है –

(A) 'वाउ' (B) 'वाऊ'

(C) वाउहिं (D) वाउणा

75- 'सासू' शब्द कौन लिंग है ?

(A) पुल्लिंग (B) स्त्रीलिंग

(C) नपुंसक लिंग (D) इनमें से काई नहीं

76- प्रकृत व्याकरण में कितने कालों की प्रधानता मिलती है ?

(A) 03 (B) 04

(C) 05 (D) 06

77- प्राकृत में कितने वचन होते हैं ?

(A) 02 (B) 03

(C) 04 (D) 05

78- क्रिया के मूल रूप को क्या कहते हैं ?

(A) शब्द (B) धातु

(C) समास (D) तद्धित

79- जिनका उच्चारण स्वरवर्णों की सहायता अपेक्षित हो, उसे क्या कहते हैं ?

(A) स्वर वर्ण (B) व्यंजन वर्ण

(C) दोनों A + B (D) इनमें से कोई नहीं

80- क–वर्ग का उच्चारण स्थल कहाँ है ?

(A) कण्ठ्य (B) तालव्य

(C) मूर्धन्य (D) दन्त्य

81- 'राम–रावण–जुज्झ' पाठ किस ग्रन्थ पर आधारित है ?

(A) श्री राम चरित मानस (B) कम्बरामायण

(C) बाल्मीकीय रामायण (D) इनमें से कोई नहीं

82- 'राम–रावण–जुज्झ' पाठ की भाषा क्या है ?

(A) अर्धमागधी प्राकृत (B) महाराष्ट्री प्राकृत

(C) शौरसेनी प्राकृत (D) मागधी प्राकृत

83- 'राम–रावण–जुज्झ' पाठ में खलनायक की भूमिका में कौन थें ?

(A) लक्ष्मण (B) भरत

(C) रावण (D) विभिषण

84- किस ऋतु में राम, सीता और लक्ष्मण वन में प्रविष्ट हुये थें ?

(A) वर्षा काल
(B) शरद् ऋतु
(C) ग्रीष्मा काल
(D) वसन्त ऋतु

85- राम रावण युद्ध का केन्द्र बिन्दु क्या था ?

(A) राज्यारोहण
(B) सीताहरण
(C) भाई विरोध
(D) इनमें से कोई नहीं

86- राम वन में सीता और लक्ष्मण के साथ किस कुटी में निवास करते थें ?

(A) राम कुटी
(B) श्याम कुटी
(C) पर्ण कुटी
(D) लक्ष्मण कुटी

87- राम कुटी से बाहर धनुष लेकर जंगल में किस कार्य हेतु निकले थें ?

(A) कंचन मृग को लाने
(B) फल तोड़ने
(C) सब्जी लाने
(D) रावण को मारने

88- सीता को अशोक वाटिका में कौन ले गया ?

(A) रावण
(B) कुम्भकरण
(C) त्रिजटा
(D) मन्दोदरी

89- अशोक वाटिका में सीता की रखवाली कौन कर रही थीं ?

(A) मन्दोदरी
(B) त्रिजटा
(C) सूर्पणखा
(D) इनमें से कोई नहीं

90- हे नाथ! इस कंचन मृग को लाकर मुझे दें, किसने कहा ?

(A) उर्मिला ने (B) सीता ने

(C) मन्दोदरी ने (D) मन्थरा ने

91- सौमित्र किसे कहा जाता है ?

(A) राम को (B) भरत को

(C) शत्रुध्न को (D) लक्ष्मण को

92- राम–रावण युद्ध कहाँ हुआ था ?

(A) अयोध्या में (B) जनकपुर में

(C) लंका में (D) मथुरा में

93- राम–रावण युद्ध में किसकी पराजय हुई ?

(A) राम की (B) लक्ष्मण की

(C) रावण की (D) हनुमान की

94- हनुमान को क्या कहा जाता है ?

(A) पवन पुत्र (B) राम भक्त

(C) दोनो A + B (D) इनमें से कोई नहीं

95- सीता को रावण लंकापुरी नगरी में ले गया है, हनुमान से किसने कहा ?

(A) लक्ष्मण ने (B) जटायु ने

(C) संपाती ने (D) सुग्रीव ने

96- रावण से सीता को छुड़ाने हेतु रास्ते में कैन युद्ध किया था ?

(A) लक्ष्मण　　(B) जटायु

(C) संपाती　　(D) सुग्रीव

97- जटायु के उपर किस अस्त्र से रावण प्रहार किया था ?

(A) भाला से　　(B) चन्द्रहास तलवार से

(C) डंडा से　　(D) इनमें से कोई नहीं

98- रावण जटायु को क्या किया ?

(A) गर्दन काट डाले　　(B) पंख काट डाले

(C) पैर तोड़ डाले　　(D) इनमें से कोई नहीं

99- सीता की खोज में जंगल में कौन घूम रहा था ?

(A) हनुमान　　(B) सुग्रीव

(C) संपाती　　(D) बालि

100- रावण और कुम्भकरण रिश्ते में कौन थें ?

(A) भाई　　(B) भतीजा

(C) भगीना　　(D) इनमें से कोई नहीं

## खण्ड – ब / Section-B

### विषयनिष्ठ प्रश्न

प्रश्न संख्या 1 से 30 तक लघु उत्तरीय प्रश्न हैं, जिनमें से किन्हीं 15 प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है। प्रत्येक के लिए 2 अंक निर्धारित है। 15 x 2 = 30

1- भारतीय संस्कृति के अराध्यदेव का परिचय प्रस्तुत करें।

2- माता सीता के विरह के दिनों का संक्षिप्त वर्णन करें।

3- त्रिजटा की भूमिका पर प्रकाश डालें।

4- मन्दोदरी–रावण संवाद का वर्णन करें।

5- रावण–सीता संवाद का वर्णन करें।

6- सुग्रीव की भूमिका पर प्रकाश डालें।

7- संपाती कौन था, लिखें।

8- जटायु–हनुमान संवाद का विवेचन करें।

9- लंका में हनुमान की चिंता की व्याख्या करें।

10- उर्मिला की सहन शील जीवन की व्याख्या करें।

11- योगी एंव निर्धन बनियें के वार्तालाप का विवेचन करें।

12- बन्दर बकरे के मुख में बचे भोजन का लेप क्यों किया लिखें।

13- पाप कर्म का फल किसको मिला।

14- अमांगलिक पुरूष को राजा के मुख दर्शन की बात किसने सिखाइ, लिखें।

15- राजा को अमांगलिक पुरूष को पुरस्कार क्यों देना पड़ा, लिखें।

16- ग्रामीण द्वारा शिकारी को क्यों उपदेश दिया गया, लिखें।

17- विशाल नगरी के मूर्ख कन्या का परिचय दें।

18- भगवान बाहुबली के पाषाण प्रतिमा के महत्व को लिखें।

19- 'इन्द्रदत्त' अपने पुत्र के शिल्पक्रिया में क्यों भूल दिखा दिया करता था ?

20- 'संतोष प्रगति में बाधक है' ऐसा क्यों कहा गया है ?

21- सोनार की पत्नी सोनार से आभूषण की संदूकची क्यों छीन ली, लिखें।

22- 'गृहशूर' शब्द को परिभाषित करें।

23- अधिकरण कारक की परिभाषा उदाहरण सहित लिखें।

24- कारक एवं विभक्ति में अन्तर स्पष्ट करें।

25- संधि एवं संयोग में अन्तर स्पष्ट करें।

26- बहुब्रीहि समास की परिभाषा उदाहरण सहित लिखें।

27- वर्ण की परिभाषा एवं भेदों को लिखें।

28- प्राकृत भाषा में अनुवाद करें – पापकर्म, क्षुधा, शीघ्र, व्याकुल, पथिक, स्नान, क्रुध।

29- हिन्दी में अनुवाद करें – 'उत्तम पणिवाएण सूरंभेएण जोयए।
नीयमम्पपपयाणेण सूरं बाहुं बलेण य ।।'

30- 'राया' शब्द का रूप सभी विभक्तियों एवं वचनों में लिखें।

## दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

प्रश्न संख्या 31 से 38 तक दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं, जिनमें से केवल 4 प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है। इस कोटि के प्रत्येक प्रश्न के लिये 5 अंक निर्धारित हैं। 4 x 5 = 20

31- कारक की परिभाषा एंव उसके भेदों को प्राकृत व्याकरण के अनुसार उदाहरण सहित लिखें। 5

32- 'मइ' एंव 'चउ' शब्द का रूप सभी विभक्तियों एंव वचनों में लिखें। 5

33- 'हो' धातु का रूप सभी कालों, वचनों एवं पुरूषों में लिखें। 5

34- 'अत्थो अणत्थ जुओं' नामक पाठ की कहानी अपनी भाषा में लिखें। 5

35- 'सिप्पिपुतस्स कहा' नामक पाठ से मिलने वाली शिक्षा पर प्रकाश डालें। 5

36- 'दया–धम्मो' नामक पाठ के धार्मिक महत्व पर प्रकाश डालें। 5

37- 'पाउसकालो' नामक पाठ में वर्णित सुन्दर एवं सुहावने दृश्य का वर्णन करें। 5

38- 'राम–रावण–जुज्झ' पाठ का सारांश लिखें। 5